दिन–सोमवार दिनांक– 22 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र शुरू। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। कल एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया जायेगा।

02. केंद्र सरकार ने कहा– बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई प्रस्ताव नहीं। मापदंडो के अनुसार विशेष दर्जा पाने की श्रेणी में नहीं आता बिहार।

03. विधान मंडल का पाँच दिवसीय मॉनसून सत्र आज से शुरू। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया।

04. और, सावन का पवित्र महिना शुरू। पहली सोमवारी के अवसर पर प्रदेश के प्रसिद्ध शिवालयों और मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लगा भक्तों का तांता।

———————————————————————

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने पहले दिन वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस का आर्थिक सर्वेक्षण लोकसभा और राज्यसभा में पेश किया। सर्वेक्षण में वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। एक रिपोर्ट–

सर्वेक्षण में कहा गया है कि उत्पाद व्यापार और सेवाओं के निर्यात में बढोतरी की संभावना है। इसमें कहा गया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सामान्य वर्षा के पूर्वानुमान और दक्षिण पश्चिम मॉनसून के संतोषजनक प्रसार से कृषि क्षेत्र के निष्पादन में सुधार की उम्मीद है। इससे ग्रामीण मांग बहाल करने में मदद मिलेगी। महंगाई के बारे में रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति की मुख्य दर साढ़े चार प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में चार दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद की वास्तविक दर वर्ष 2020 की तुलना में बीस प्रतिशत अधिक रही है। इस वर्ष भी वृद्धि दर सुदृढ रहने की संभावना है। सर्वेक्षण के अनुसार बेरोजगारी और बहुआयामी गरीबी में कमी और श्रम बल भागीदारी में बढ़ोतरी के साथ विकास समावेशी रहा है। समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन कल वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का बजट लोकसभा में पेश करेंगी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। संसद के बजट सत्र से पहले संसद से बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे

दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्ष के लिए देश के लिए खडा होना चाहिए।

———बाईट———

मैं देशवासियों को जो गारंटी देता रहा हूं। क्रमशः रूप से उन गारंटीयों को जमीन पर उतरना इस लक्ष्य को लेकर के हम आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट अमृतकल का एक महत्वपूर्ण बजट है। हमें 5 साल का जो अवसर मिला है आज का बजट हमारे उन 5 साल के कार्य की दिशा भी तय करेगा और यह बजट 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे सब विकसित भारत का जो हमारा सपना है उस सपने को पूरा करने की मजबूत नीव वाला बजट लेकर के हम कल देश के सामने आएंगे।

श्री मोदी ने कथित रूप से नकारात्मक राजनीति करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए विपक्ष ने संसद के समय का इस्तेमाल किया। पिछले संसद सत्र को बाधित करने का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दल ने संसद में सत्ता पक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से दलगत राजनीतिक से ऊपर उठने और अगले साढे चार वर्ष के लिए अपने आप को देश के लिए समर्पित करने का आग्रह किया।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार ने कहा है कि किसी भी प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा कुछ मापदंडों के आधार पर दिया जाता है, लेकिन बिहार इन मापदंडो के अनुसार विशेष राज्य का दर्जा पाने की श्रेणी में नहीं आता है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में आज एक लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय विकास परिषद किसी भी राज्य को विशेष दर्जा वहां की कठिन भौगोलिक स्थितियों, कम जनसंख्या घनत्व, बड़ी जनजातीय आबादी, पड़ोसी देशों के साथ जुड़ती सीमाओं के महत्व और आर्थिक तथा ढांचागत पिछड़ेपन जैसे कुछ मानदंडों के आधार पर देती है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के अनुरोध पर एक अंतर–मंत्रालयी समूह में विचार–विमर्श किया गया था जिसने दो हजार बारह में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा राष्ट्रीय विकास परिषद के मानदंडों के आधार पर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता।

———————————————————————

जदयू सांसद देवेशचन्द्र ठाकुर ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए मानक में आवश्यक परिवर्तन करना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि उनकी पार्टी विशेष दर्जे की मांग करती रहेगी।

———बाईट———

इधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जदयू केन्द्र की एनडीए सरकार में शामिल है। इसलिए पार्टी को बिहार को विशेष दर्जे की मांग पूरा करने के लिए प्रावधानों में संसोधन की पहल करनी चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार का अधिकार हैं और हम इसे लेकर रहेंगे। श्री यादव ने कहा इस मुद्दे पर बिहार वासियों को धोखा मिला है इसलिए मुख्यमंत्री इस्तीफा दे।

———बाईट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद इस मुद्दे पर नौटंकी कर रहे है। श्री सिंह ने कहा कि राजद कांग्रेस के साथ मिलकर केन्द्र सरकार में सालों तक रही तब मानको में बदलाव करने का कोई प्रयास क्यों नहीं किया।

———बाईट———

———————————————————————

बिहार विधान मंडल का पाँच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरु हो गया। पहले दिन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्त वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया। इससे पूर्व सदन की कार्यवाही अध्यक्ष नंद किशोर यादव के संबोधन से शुरू हुई। श्री यादव ने कहा कि चालू सत्र छोटा लेकिन काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सदस्यों से सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन में सहयोग करने का अनुरोध किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने रूपौली विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित निर्दलीय विधायक शंकर सिंह को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। सदन में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और कई दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इधर, विधान परिषद की कार्यवाही कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह के संबोधन से शुरु हुई। दोनों सदनों में शोक प्रस्ताव पारित करने के बाद कार्यवाही कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

———————————————————————

विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने आज सभापति पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कई मंत्री तथा वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। गौरतलब है कि देवेश चंद्र ठाकुर के लोक सभा सदस्य चुने जाने के बाद परिषद के सभापति का पद रिक्त है।

———————————————————————

सावन के पवित्र महिने की आज से शुरूआत हो गई है। इसके साथ ही देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का ताता लग हुआ है। हजारों की संख्या में कावड़ियाँ सुल्तानगंज के गंगा घाट से जल उठाकर बाबा धाम के लिए कांवड़ यात्रा पर निकल रहे है। पूरा वातावरण हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान है।

———मुजिक———

प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए है। पानी, बिजली, शौचालय, आश्रयगृह और स्वास्थ्य शिविर समेत अन्य सुविधाएं दी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। इधर, पहली सोमवारी के दिन प्रदेश के प्रसिद्ध शिवालयों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमर रही है। सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, अरेराज शिव मंदिर, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, समस्तीपुर के थानेश्वर मंदिर, पटना के बिहटा स्थित बाबा बिटेश्वरनाथ, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान, सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। राज्य में कई स्थानों पर श्रावणी मेले का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ मंदिर परिसर में आज से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू हो गया है। उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री दिलिप कुमार जयसवाल और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधि धीमी पड़ जाने के कारण राज्य के अधिकत भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

———बाईट———

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————

01. संसद का बजट सत्र शुरू। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। कल एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया जायेगा।

02. केंद्र सरकार ने कहा– बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई प्रस्ताव नहीं। मापदंडो के अनुसार विशेष दर्जा पाने की श्रेणी में नहीं आता बिहार।

03. विधान मंडल का पाँच दिवसीय मॉनसून सत्र आज से शुरू। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया।

04. और, सावन का पवित्र महिना शुरू। पहली सोमवारी के अवसर पर प्रदेश के प्रसिद्ध शिवालयों और मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लगा भक्तों का तांता।

———————————————————

समाप्त